उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार– 249404

संख्याः 95/01/E-4/FOREST (DR)/2024-25, दिनांकः 25 नवम्बर, 2026

विज्ञप्ति

'सहायक वन संरक्षक, लौगिंग अधिकारी एवं वनक्षेत्राधिकारी संयुक्त परीक्षा–2025'

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 'सहायक वन संरक्षक, लौगिंग अधिकारी एवं वनक्षेत्राधिकारी संयुक्त परीक्षा–2025' के अन्तर्गत मुख्य (लिखित) परीक्षा परिणाम दिनांकः 17 अगस्त, 2026 के क्रम में अर्ह अभ्यर्थियों की **साक्षात्कार परीक्षा दिनांकः 15 दिसम्बर, 2026 से 18 दिसम्बर, 2026 तक** आयोजित की जायेगी। विज्ञापन दिनांकः 30 जनवरी, 2025 के बिन्दु संख्याः 6 के अनुसार **शारीरिक योग्यता परीक्षा दिनांकः 16 दिसम्बर, 2026 से 19 दिसम्बर, 2026 तक** आयोजित होगी। उक्त के क्रम में जिन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांकः 15 दिसम्बर, 2026 को सम्पन्न होगा, उनकी शारीरिक योग्यता परीक्षा दिनांकः 16 दिसम्बर, 2026 को आयोजित होगी और इसी प्रकार अन्य अभ्यर्थियों की शारीरिक योग्यता परीक्षा, उनकी साक्षात्कार परीक्षा के अगले दिवस में आयोजित होगी। अभ्यर्थियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण से संबंधित प्रारूप आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किया गया है, जिसके अनुसार अभ्यर्थियों को अपने नगर/जिला चिकित्सालय से प्रदत्त स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करनी आवश्यक है। स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी/चीफ मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट/सक्षम चिकित्सा अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित होना आवश्यक है। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को अपने दावों के अनुसार समस्त मूल अभिलेख प्रस्तुत करने आवश्यक हैं। साक्षात्कार परीक्षा/शारीरिक योग्यता परीक्षा से संबंधित विस्तृत दिशा–निर्देश/कार्यक्रम दिसम्बर, 2026 के प्रथम सप्ताह में आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किया जायेगा।

-Sd-

(अशोक कुमार पाण्डेय)
सचिव।

चिकित्सा परीक्षण से संबंधित प्रारूप

'सहायक वन संरक्षक, लौगिंग अधिकारी एवं वनक्षेत्राधिकारी संयुक्त परीक्षा–2025'

अभ्यर्थी का नामः– अनुक्रमांकः–	पासपोर्ट साइज की अद्यतन फोटो चिपकायें, जिसे चिकित्साधिकारी से प्रमाणित भी करवायें

क्र.स. (S.No.)	परीक्षण (Chekup)	आख्या (Report) (Please write 'Yes/No' or 'Fit/Unfit')	चिकित्साधिकारी के मोहर सहित हस्ताक्षर व नाम (Name & Signature with Seal)
1	आँख (Eye) (i) दायीं आँख (Right Eye) (ii) बायीं आँख (Left Eye) (सामान्य दृष्टि में +/- 4.00 डी. से अधिक दोष नहीं होना चाहिए। फिट या अनफिट में स्पष्ट आख्या लिखें)		
2	कलर ब्लाईंड (Colour Blind) क्या अभ्यर्थी कलर ब्लाईंड है ? (हाँ या नहीं में स्पष्ट आख्या लिखें)		
3	सामान्य स्वास्थ्य (General Health Fitness) क्या अभ्यर्थी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ है ? अभ्यर्थी में कोई ऐसा दोष तो नहीं है, जिससे कर्तव्यों के निवर्हन में बाधा हो। (फिट या अनफिट में स्पष्ट आख्या लिखें, यदि कोई दोष हो तो उसे भी स्पष्ट रूप से लिखें)		

प्रतिहस्ताक्षरित

हस्ताक्षर–
नाम–
पदनाम–

नोट– मुख्य चिकित्सा अधिकारी/चीफ मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट/सक्षम चिकित्सा अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित करवाना आवश्यक है।